हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

13 स्वर्गधाम सेवा समिति 715 अज्ञात मृतकों का करेगी...



14 गंगरेल बांध डूब प्रभावितों ने किया आर-पार की लड़ाई...



कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

61 हजार से अधिक लोगों को साइबर सुरक्षा और नए कानूनों की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ पुलिस के साइबर जागृति अभियान के तहत पुलिस ने 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के दौरान करीब 7,000 जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 61,000 लोगों को साइबर सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। अभियान के समापन अवसर पर 2 अक्टूबर को जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में साइबर जागृति चौपाल और जन चौपाल आयोजित की गई। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी ग्राम पंचायतों, हाट-बाजारों, पंचायत भवनों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी सरल भाषा में दी।



गांव-गांव पहुंचा अभियान

इस अभियान के तहत कोतवाली, अर्जुनी, कुरूद, भखारा, मगरलोड, बिरेझर, करेली बड़ी, केरेगांव, अकलाडोंगरी, नगरी, सिहावा, ढुंगली, मेचका, बोराई और खल्लारी समेत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित चौपालों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों में कुल लगभग 2,800 नागरिकों की सहभागिता दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

रूद्री में योग एवं ध्यान कार्यक्रम आज

धमतरी। नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन 6 अक्टूबर को रूद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित खेल मैदान रूद्री में सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा।

निगरानी समिति की बैठक 12 को

धमतरी। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 12 अक्टूबर को 11.30 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी करेंगी। बैठक में जिले में संचालित ग्रामीण एवं शहरी विकास से संबंधित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में की जा रही कार्रवाई पर चर्चा की जाएगी।



जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 11 को

धमतरी। जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट नीड जाम 2026 चयन प्रतियोगिता 11 अक्टूबर को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम ग्राउंड गौरव पथ धमतरी में होगी।प्रतियोगिता सुबह 9 बजे शुरू होगी। इसमें अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं हिस्सा ले सकेंगे। संघ की जिला अध्यक्ष रितिका यादव, सचिव हिमांशु चंद्राकर और कोच टिक्की निर्मलकर ने बताया कि प्रतियोगिता में दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक और ऊंची कूद सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। अंडर-14 वर्ग में 17 नवंबर 2012 से 16 नवंबर 2014 के बीच जन्मे तथा अंडर-16 वर्ग में 17 नवंबर 2010 से 16 नवंबर 2012 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे।

सर्पदंश से महिला की मौत

धमतरी। जमीन पर सो रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। इस घटना में महिला की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दिलेश्वरी साहू पति शोभित राम उम्र 36 वर्ष ग्राम कुम्हली भैंसबोड़ थाना जामगांव आर निवासी किसानी का काम करती थी। शनिवार की रात्रि भोजन करने के बाद महिला घर के हॉल में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने जमीन पर सो रही महिला के दाहिने हाथ की ऊंगली को काट लिया। सर्पदंश की जानकारी होने पर परिजनों ने रात्रि में ही महिला को उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान रविवार की देर रात्रि महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

अलग-अलग स्थानों पर हुए रोड एक्सीडेंट

सड़क हादसों से भरा रहा संडे पिता-पुत्र की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रविवार का दिन सड़क हादसों से भरा रहा। अलग-अलग स्थानों में हुई दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हुई । वहीं तीन से अधिक लोग घायल हुए।

मिली जानकारी के अनुसार डगेश्वर साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम कजराबांधा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी रविवार को अपने बेटों वोशांत साहू उम्र 12 वर्ष व अनुराग साहू उम्र 8 वर्ष के साथ पितृ कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के घर ग्राम मोहारा गए थे। कार्यक्रम के बाद डगेश्वर अपने दोनों बेटों के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 पी 3906 में सवार होकर वापस अपने घर ग्राम कजराबांधा लौट रहे थे। इसी दौरान उसकी बाइक सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम अरमरीकला के पास गुण्डरदेही मार्ग में खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 08 एयू 7510 में घुस गई। इस टक्कर में तीनों पिता-पुत्र सड़क पर दूर फेंका गए। घटना में डगेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण जय पटेल ने घटना की सूचना शिवा प्रधान को दी। उनके द्वारा सनौद थाना को सूचना दी गई। जानकारी होते ही सनौद पुलिस, डायल 112 व संजीवनी 108 की एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां से घायल बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी लाया गया। वहीं मृतक के शव को गुरूर अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने वोशांत साहू को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अनुराग को इलाज के लिए मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए बच्चे को रायपुर रिफर कर दिया गया है। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

रविवार की सुबह बाइक सवार कृष्णा साहू व फुलेश साहू भखारा मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान ग्राम भानपुरी के पास तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 05 एवी 4968 ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में सवार दोनों युवक बाइक सहित सड़क के नीचे फेंका गए। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। दूसरी घटना में एक कार लोहरसी ओव्हरब्रिज के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । वहीं सवारों को भी चोट आई है।

गौण खनिज की रायल्टी राशि दिलाने की मांग

- पाइकभाठा को क्रेशर गिट्टी खदान की सन 2022-23 से नहीं मिली है रायल्टी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पाइकभाठा में संचालित क्रेशर गिट्टी खदान की रायल्टी राशि की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे नगरी जनपद सदस्य अनीफ अली, पाइकभाठा सरपंच सोनदई ध्रुव, उपसरपंच उमेंद्र नेताम, पंच मुकेश बघेल, बसंत नाग ने बताया कि नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत पाइकभाठा में शासकीय जमीन 1.20 हेक्टेयर में पत्थर क्रेशर का उत्खनन पट्टा ज्ञानचंद गोलछा के नाम से दिया गया है। सन 2022-23 से गौण खनिज पत्थर क्रेशर उत्खनन की रायल्टी अब तक ग्राम पंचायत को प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन कर रायल्टी राशि दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस राशि से गांव में विभिन्न विकास कार्य संपन्न कराए जाएंगे।



पंचायत भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्य की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत कराने की मांग कलेक्टर से की है जिसमें पाइकभाठा में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण, पदमपुर में नवीन आंगनबाड़ी भवन, प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण, बसंत घर के पास पुलिया निर्माण, रामोता घर से हेमू घर तक सीसी रोड, सड़क मरम्मत तथा स्ट्रीट लाइट के लिए अतिरिक्त विद्युत तार थ्रीफेस लगाने की मांग की गई है।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

धमतरी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आईआईटी, एम्स, आईआईएम, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, चिकित्सा स्नातक, एनआईटी सहित अन्य निर्धारित राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत धमतरी जिले के पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थी आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला धमतरी में जमा कर सकते हैं।

दावा-आपत्ति 10 तक मंगाई गई

धमतरी। हटकेशर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-02 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए अंतिम योग्यता सूची जारी की गई है। मूल्यांकन समिति की बैठक के बाद अंतिम योग्यता सूची जारी कर एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी (शहरी) कार्यालय तथा संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र में चस्पा किया गया है। किसी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो 10 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

दिव्यांश नामदेव ने जीता कराते में गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तीन दिवसीय इंडो नेपाल ओपन अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता 2, 3 व 4 अक्टूबर को सेक्टर 9 भिलाई के महिला महाविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई । प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों तथा नेपाल के खिलाड़ियों सहित 1200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस ओपन कराते प्रतियोगिता में धमतरी के दिव्यांश नामदेव पिता अजय नामदेव ने कुमिते (फाइट) में स्वर्ण पदक एवं काता में रजत पदक अपने नाम किया । 12 एवं 13 वर्ष व कैडेट कैटेगरी में दिव्यांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर धमतरी कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिन्हा, ट्रेनर हेमंत चक्रधारी, खुष्मिता साहू, अंजलि फूटान, रिया फूटान, विजय नामदेव, अजय नामदेव समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

पोरा तिहार स्टीकर वाले रेत भरे हाईवा दौड़ रहे

- कांग्रेसियों ने पकड़े पांच हाईवा और एक महाराष्ट्र की गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर कांग्रेस के दोनों अध्यक्ष गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा व निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने पांच हाईवा और एक महाराष्ट्र की गाड़ी को बिना पिटपास के पकड़कर प्रशासन को सुपुर्द किया।

नेताओं ने बताया कि इससे पूर्व भी हमने गाड़ी पकड़कर प्रशासन को सौंपा था। कलेक्टर से इस पर कार्रवाई करने की मांग की थी। कहा था कि अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा तो हम सड़क पर उतरेंगे। रात लगभग दस बजे गाड़ियों को रोककर खनिज अधिकारियों को कॉल किया लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं आने पर पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। खनिज अधिकारियों के समय पर न आने से ड्राइवर गाड़ी छोड़ भाग गए। इसमें से एक गाड़ी महाराष्ट्र की एमएच 27 बीके 8851 को जब नायब तहसीलदार लोकेश साहू ने खनिज विभाग ले जाने कहा तब संचालक ने ड्राइवर के आने पर गाड़ी सुपुर्द करने की बात कही। वहीं एक हाइवा संचालक से जब तहसीलदार ने पूछा कि ये पोरा तिहार टोकन क्या है। तो संचालक ने कहा कि आप नए हो। आपको एक दो दिन में पता चल जाएगा। तीन हाईवा को पकड़कर कंपोजिट बिल्डिंग ले गए। दो हाइवा ड्राइवर गाड़ी छोड़ भाग गए।

कांग्रेसियों ने कहा कि खनिज विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों के सुस्त रवैये के कारण आज बिना रॉयल्टी के गाड़ियां दौड़ रही है। पोरा तिहार टोकन सिस्टम को खनिज विभाग उजागर करे। जितनी भी गाड़ियां जब्त हुईं सब में एक जैसा स्टीकर लगा था। प्रशासन ने क्या महाराष्ट्र की गाड़ियों को रेत परिवहन करने के लिए छूट दे दी है। ऐसे कई सवाल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

इस दौरान अविनाश मरोठे, आशुतोष खरे, शंकर माखीजा, पंकज देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर प्राथमिकता देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- विधवा महिला ने कलेक्टर से लगाई गुहार

सुभाष नगर वार्ड की एक विधवा महिला ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए प्राथमिकता देने की मांग कलेक्टर से की है। महिला के समर्थन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य महिलाएं भी कलेक्टोरेट पहुंची थीं।

सुभाष नगर-विवेकानंद नगर निवासी नीलिमा देवांगन ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि उनके वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त है। चयन सूची में उसका नाम दूसरे नंबर पर आया है। उन्होंने कहा है कि उसके पति की मृत्यु हो गई है। 65 वर्षीय ससुर लकवाग्रस्त हैं। दो छोटे बच्चे हैं। घर में कमाने वाला कोई सदस्य नहीं है। रिश्तेदार के सहयोग से एवं मजदूरी कर जीवनयापन कर रही है। जीविकोपार्जन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने गरीबी और बेबसी को देखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर दुर्गा देवांगन, स्वाति, तेजिस्वनी, ललिता, नेहा, नीतू सिन्हा, मुरही बाई, ममता, मधु, माया, लकता, कांति, गोदावरी, रेवती उपस्थित थी।

वारदात के बाद आरोपी हुए फरार, दानीटोला के बरपारा की घटना

पहले घर में ईंट-पत्थर फेंके, बाहर निकलने पर पिता-पुत्रों पर चाकू व रॉड से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बदमाश रविवार की रात पहले तो घर में ईंट-पत्थर बरसाते रहे। उनकी हरकत देख घर से बाहर निकले पिता व उसके दो पुत्रों पर चाकू, रॉड व ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया। तीनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय दानीटोला के बरपारा निवासी धनीराम साहू व उसके पुत्र डोमेन्द्र साहू 27 वर्ष व गुलशन साहू 24 वर्ष रविवार की रात्रि घर पर थे। इसी दौरान उनके मोहल्ले के दो युवक उसके घर पहुंच दरवाजा खटखटा कर दोनों भाइयों को बाहर बुला रहे थे। नहीं निकलने पर उसके घर में ईंट व पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। यह देख धनीराम की पत्नी भानबाई साहू घर से बाहर निकली। दोनों युवक उनके बेटों को बाहर बुलाने गाली गलौज करने लगे। धनीराम व उसके दोनों बेटे घर से बाहर निकले। बदमाशों ने उन पर मछली पकड़ने की शिकायत करने का आरोप लगाते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। अपने आपको कमजोर पड़ते देख दोनों युवक वहां से चले गए। कुछ देर बाद अपने दो साथियों के साथ वापस आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। दोनों भाइयों के निकलने पर आरोपियों ने चाकू व ईंट तथा शॉकअप रॉड से हमला कर दिया। सिर पर रॉड से हमला कर दिया। घटना के बाद चारों बदमाश वहां से फरार हो गए। हमले में गंभीर रूप से घायल पिता व उसके दोनों पुत्रों को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पतला में भर्ती किया गया। घायलों का उपचार जारी है। वहीं बीच-बचाव कर रही उनकी मां भानबाई से भी मारपीट की गई। सोमवार को कोतवाली टीआई अस्पताल पहुंचे और घायलों का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गए।



आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार

सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश जगत ने बताया कि रविवार की रात्रि दानीटोला बरपारा धनीराम साहू व उसके पुत्र गुलशन साहू व डोमेन्द्र साहू पर दानीटोला के भक्तिन गुड़ीनपारा निवासी रितेश, राम व उसके साथी टिवंकल, गोलू ने शॉकअप रॉड, ईंट व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

कलारतराई में अर्ली वैरायटी के धान की कटाई शुरु





- जिले के 1.40 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लहलहा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के 1.40 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लहलहा रही है। अर्ली वैरायटी धान में बालियां आ चुकी हैं। खेतों में जलभराव तथा नमी है। ऐसे में फसल कटाई का पहला दृष्य ग्राम कलारतराई से सामने आया है। कलारतराई के किसान प्रहलाद हिरवानी, मनोहर साहू ने बताया कि उन्होंने अर्ली वैरायटी का धान लगाया है। करीब आधा एकड़ की फसल पककर तैयार हो गई है। कटाई सोमवार से शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि खेतों में पानी और नमी है। फसल को काटकर उसे सूखे स्थान पर लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में माहू का प्रकोप है।

खबर संक्षेप

चण्डी मंदिर में क्वांर नवरात्र की तैयारी

अंवरी। इस वर्ष भी ग्राम बगौद स्थित मां चंडी माता के दरबार में



मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जायेगी। ज्योति शुल्क 901 रुपए है। तैयारी में पीलाराम ध्रुव, संतोष चंद्राकर, गितेश कुमार जुटे हैं।

पेंशनरों की मासिक बैठक 7 को

जीजामगांव। पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 7 अक्टूबर को होगी। इस दौरान नए सदस्यों एवं जन्मदिवस वालों का सम्मान तथा परलोकगामियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। संगठनात्मक चर्चा भी की जाएगी। सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने की है।

निधन

ऐनीबाई साहू

सिर्री। ग्राम दर्रा निवासी ऐनीबाई साहू 80 वर्ष का निधन 2 अक्टूबर



शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे हीराधर साहू की पत्नी और विमलचंद, ओमप्रकाश, लहरमन, अनेश्वर की माता थी। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण मौजूद थे।

नारायण साहू

अंवरी। ग्राम थुहा निवासी नारायण साहू 86 वर्ष का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर रविवार को हो गया। वे



आनंदराम साहू एवं संतराम साहू, डोमार साहू, कन्हैया साहू, मोहन साहू के पिताजी थे। अंत्येष्टि कार्यक्रम उनके गृहग्राम के शांति घाट में हुआ जिसमें बड़ी संख्या परिवारजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

प्रेमलाल साहू

अंवरी। ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी प्रेमलाल साहू का आकस्मिक निधन 24 सितम्बर



गुरुवार को हो गया। वे डिजेन्द्र कुमार के पिताजी थे। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

गुप्त रोगी संपर्क करें

पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

प्राथमिक शाला धूमा में जिले के प्रथम बालिका शौचालय का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विद्यालयों में बालिकाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में धमतरी जिले में महत्वपूर्ण पहल की गई है। कुरुद विकासखंड की ग्राम पंचायत धूमा स्थित प्राथमिक शाला परिसर में जिले के प्रथम बालिका शौचालय का निर्माण किया गया । गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नवनिर्मित बालिका शौचालय का सरपंच विद्या साहू , पंचराम साहू ने लोकार्पण किया गया।

प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए विद्यालय परिसर में सुरक्षित एवं स्वच्छ शौचालय की उपलब्धता उनकी नियमित शैक्षणिक उपस्थिति और सहज विद्यालयीन वातावरण से भी जुड़ी होती है। बालिकाओं को अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए स्वच्छ एवं सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध हो, इसके लिए धूमा पंचायत में पृथक बालिका शौचालय का निर्माण किया गया है।

नवनिर्मित बालिका शौचालय को आकर्षक गुलाबी रंग से सजाया गया है। भवन पर बड़े अक्षरों में मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान अंकित किया गया है। यह संदेश विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं के प्रति सम्मान और उनके लिए सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने की भावना को अभिव्यक्त करता है।

स्वच्छता और सशक्तिकरण की ओर ऐतिहासिक कदम

मेरी बेटी-मेरा स्वाभिमान बना कार्यक्रम का संदेश

2 अक्टूबर को आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल छोटी-छोटी बच्चियों ने अपने हाथों में कागज की तख्तियां थामीं। इन तख्तियों को एक साथ रखने पर मेरी बेटी-मेरा स्वाभिमान का संदेश उभरकर सामने आया। बच्चियों की इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष भावनात्मक आयाम दिया।



सहज और गरिमापूर्ण वातावरण तैयार

धूमा की प्राथमिक शाला में निर्मित यह बालिका शौचालय इस बात का उदाहरण है कि विद्यालयीन सुविधाओं का विकास बच्चों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाए तो उसका प्रभाव सीधे उनके दैनिक जीवन पर पड़ता है। स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय बालिकाओं को सुविधा देने के साथ विद्यालय परिसर में उनके लिए अधिक सहज और गरिमापूर्ण वातावरण तैयार करता है।

तूता मैदान में जुटे प्रदेशभर के शिक्षक, नियुक्ति तिथि से पेंशन लाभ देने की उठाई आवाज

पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षकों ने किया सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की एक सूत्रीय प्रमुख मांग 1998-99 से नियुक्त सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों को उनकी देय तिथि से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित समस्त पेंशन लाभ प्रदान करने को लेकर 2 अक्टूबर को रायपुर के तूता मैदान में सत्याग्रह आंदोलन किया गया। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं आंदोलन में शामिल हुए और अपनी मांग को लेकर आवाज बुलंद की।

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के धमतरी जिला अध्यक्ष प्रीतचंदन



गंगेले ने बताया कि संघ लंबे समय से 1998-99 से नियुक्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग शासन के समक्ष रखता आ रहा है। इस संबंध में प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद एवं शासन-प्रशासन को समय-समय पर ज्ञापन भी सौंपे गए हैं।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने कहा कि 1998-99 में शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा विभाग द्वारा आवंटित पेंशन योग्य पदों पर हुई थी। वर्ष 2001 में नियमितीकरण तथा वर्ष 2018 में स्कूल शिक्षा विभाग में शासकीयकरण किया गया। संघ का कहना है कि 2004 से पूर्व पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू थी। इसके बावजूद 1998-99 से नियुक्त एलबी संवर्ग के शिक्षक अपने पूर्व सेवा काल के पेंशन लाभ से वंचित हैं।

आंदोलन का संचालन संघ के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, सचिव नवीन चंद्राकर, महासचिव डेसनाथ पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष नारायण सोनी सहित संभागीय एवं जिला अध्यक्षों ने किया।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी दिया हवाला

संघ के पदाधिकारियों ने अपने पक्ष में सुप्रीम कोर्ट के 8 सितंबर 2026 के एक निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि 2004 से पूर्व नियुक्त कर्मचारियों की सेवा संबंधी पेंशन पात्रता पर न्यायालय ने महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है। संघ का कहना है कि इस निर्णय के आलोक में 1998-99 से नियुक्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों के मामले पर भी शासन को गंभीरता से विचार करना चाहिए। संघ ने केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम, 1972 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम, 1976 का उल्लेख करते हुए नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन सहित समस्त लाभ प्रदान करने की मांग दोहराई।

जिपं अध्यक्ष के प्रयास से युगलक्ष्मी को मिली अनुकंपा नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा के विशेष प्रयास से नगरी क्षेत्र की युगलक्ष्मी को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिला है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार युगलक्ष्मी पिता स्व. भुनेश्वरसिंह दिवाकर निवासी ग्राम सारंगपुरी विकासखंड नगरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा में भृत्य के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को शासन के नियमों के तहत उनका हक और पात्रता के अनुसार लाभ मिले, यह हमारी प्राथमिकता है। युगलक्ष्मी की अनुकंपा नियुक्ति से परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा और वह सम्मानपूर्वक अपने जीवन को आगे बढ़ा सकेंगी।

भाठागांव में हुई विशेष ग्राम सभा, गांधी जयंती भी मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत भाठागांव में 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती भी मनाई गई। ग्रामीणों ने गांधी जी के विचारों को स्मरण करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत द्वारा कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाल, काला, हरा एवं नीला डस्टबिन विभिन्न शैक्षणिक एवं सार्वजनिक संस्थानों में वितरित किए गए। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 एवं 3, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला, नवीन प्राथमिक शाला तथा शासकीय उचित मूल्य की दुकान शामिल हैं।



मौके पर सरपंच पुष्पलता साहू, सचिव गीतेश्वर साहू, उपसरपंच प्रीतम सिंह साहू, पंचगण ममता साहू, शशि साहू एवं जीवन साहू, रोजगार सहायक वीणालक्ष्मी साहू, नोडल सूरजभान साहू, शिक्षक थानेश्वर कश्यप एवं फालेश्वर कुर्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता साहू, दीपशिखा साहू एवं लीना शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से सरस्वती टंडन एवं श्रीमती प्रियंका साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष विजेंद्र कुमार चक्रधारी, मोनू चंद्राकर, दुर्गेश साहू उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी बच्चों के पोषण और प्राथमिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र

- चारभाठा में आंगन मिलन सेवा संकल्प समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम चारभाठा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं प्रारंभिक शिक्षा को लेकर जागरूकता पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शकुंतला रूपचंद देवांगन





सभापति जनपद पंचायत कुरूद ने कहा कि आंगनबाड़ी बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्राथमिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। छोटे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित पोषण के साथ नियमित स्वास्थ्य देखभाल और उचित प्रारंभिक शिक्षा बेहद जरूरी है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ माता-पिता और पूरे समाज की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों के खान-पान, स्वच्छता, टीकाकरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान दें।

मौके पर रूपचंद देवांगन सभापति प्रतिनिधि, जपं कुरूद, धनेश्वरी देवांगन कार्यकर्ता, धनेश्वरी निषाद सहायिका, कौशल्या निषाद मितानिन, सावित्री साहू, जानकी साहू, मालती निषाद, हिरौंदी देवांगन ग्राम संगठन अध्यक्ष, पूर्णिमा सोनकर ग्राम संगठन सहायिका, मुन्नी सोनकर महतारी वंदन लाभार्थी, अंबिका साहू महतारी वंदना लाभार्थी, टेमिन साहू पूर्व सरपंच, सुशीला साहू, डामिन साहू, रुखसाना बानो नोनी सुरक्षा लाभार्थी मौजूद रहीं।

हजारों पालकों के सामने नाटक से युवा, महिला, गरीब और किसान की तस्वीर प्रस्तुत की

विकसित भारत 2047 के विजन को रखने के लिये प्राचार्य एवं शिक्षक रंगमंच पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यालय को सामाजिक चेतना का केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। इसी उद्देश्य को लेकर सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने समाज को जागरूक करने की दिशा में अनूठी पहल की। विशाल स्वास्थ्य शिविर में हजारों पालकों के समक्ष विकसित भारत 2047 पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

नाटक में विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, महिला, गरीब एवं किसान की वर्तमान स्थिति से लेकर भविष्य की तस्वीर को प्रभावी ढंग से दिखाया गया। खास बात रही कि नाटक के सभी पात्र शिक्षक थे।



प्राचार्य से लेकर चपरासी तक सभी ने अभिनय कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में वीरेंद्र साहू, टीकाराम कंवर, खिलेश साहू, रोहित साहू, विजय यदु, बबीता योगेश्वर ध्रुव, हेमलता ध्रुव, गजेंद्र दीवान, राधेलाल साहू, धनंजय साहू, अय्यूब खान, लोमेश्वर साहू, डॉ. एके टोंडर, शारदा ठाकुर, डॉ. प्रिया कंवर, डॉ. खगेश्वर रात्रे, डॉ. प्राची साहू, डॉ. विभोर नंदा, डॉ. भूपेंद्र सोनी, डॉ. अनिल जैन, माधव सिंह ठाकुर, डिगेंद्र निर्मलकर, डॉ. हेमंत साहू, रोहित बोर्झा, मुकेश कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

नाटक ने दिया राष्ट्र निर्माण और सामाजिक बदलाव का संदेश

नाटक में युवाओं को नशे से दूर रहकर भारतीय संस्कार, प्राचीन शिक्षा के साथ टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एवं उद्यमिता अपनाने का संदेश दिया गया। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने, गरीबों को आवास, पेयजल, चिकित्सा एवं शिक्षा उपलब्ध कराने तथा किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। योग, ध्यान, उचित खानपान और आधुनिक चिकित्सा अपनाने की सीख भी दी गई। भावुक दृश्यों पर दर्शकों की आंखें नम हुईं और अंत में देशभक्ति गीतों से माहौल जोशीला हो गया।

अंचल की खबरें

दुर्गा चौक में गांधी जयंती मनाई गई



नगरी। दुर्गा चौक नगरी में गांधी जयंती मनाई गई। दुर्गा चौक गणेशोत्सव के आय-व्यय के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवानिवृत्त प्रपा शारदा प्रसाद ग्वाले, शिक्षक रंजीत सोम, कोषाध्यक्ष अरुण सार्वा, सुरेश नाग समेत गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। श्री ग्वाले ने गांधीजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों और बलिदानों के बारे में बताया गया। रंजीत सोम ने गांधीजी के स्वच्छता अभियान तथा नशामुक्ति अभियान के बारे में बताया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में दुर्गा चौक गणेशोत्सव समिति द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पटेल ने किया।

मड़वापथरा में रंगमंच निर्माण कार्य का लोकार्पण



सिर्री। ग्राम पंचायत खड़मा के आश्रित ग्राम मड़वापथरा में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित रंगमंच निर्माण कार्य का लोकार्पण 2 अक्टूबर को पूजा-अर्चना के साथ किया गया। लोकार्पण समारोह की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम रहीं। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह एवं श्रीराम निषाद, जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष लकेश्वर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री डीहूराम साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू व विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनीत बाफना, हेमंत देवांगन, डाकवर साहू एवं मसूद खान थे। अतिथियों ने कहा कि रंगमंच से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

पाक्सो अधिनियम की दी जानकारी



अमलीडीह(धमतरी)। शासकीय उच्चतरमाध्यमिक विद्यालय सिलौटी में बाल अधिकार संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक ने पाक्सो अधिनियम 2012, बाल अधिकार, बाल अपराध, साइबर अपराध, बाल शोषण, बाल विवाह, यौन शोषण, बाल श्रम के बारे में केस स्टडी के माध्यम से जानकारी दी। मानव तस्करी, गुड टच बेड टच, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को सरल शब्दों में समझाया। मौके पर प्राचार्य एमके ठाकुर, बी. पदमा राजेश, एके यादव, एसके जैन, एसके ध्रुव, एचआर साहू, सीपी साहू, एनआर साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
ESTD. - 1910
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर 10 को रुद्रेश्वर धाम रूद्री में होगा आयोजन

स्वर्गधाम सेवा समिति 715 अज्ञात मृतकों का करेगी पिंडदान व तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अपनों का तर्पण और पिंडदान तो हर कोई करता है, लेकिन जिन मृतकों का इस दुनिया में कोई अपना नहीं है, उनकी आत्मा की शांति के लिए धमतरी की स्वर्गधाम सेवा समिति वर्षों से अनूठी सेवा कर रही है। वर्ष 2004 से लावारिस एवं अज्ञात शवों का ससम्मान अंतिम संस्कार कर रही समिति इस वर्ष सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर अब तक अंतिम संस्कार किए गए 715 अज्ञात मृतकों का सामूहिक पिंडदान व तर्पण करेगी। आयोजन 10 अक्टूबर को चित्रोत्पला गंगा के तट स्थित रुद्रेश्वर धाम रुद्री में सुबह 10 बजे से होगा।

समिति के महासचिव अशोक पवार ने बताया कि समिति बिना भेदभाव और स्वार्थ के सड़े-गले तथा अज्ञात शवों का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार करती है। अब तक 715 अज्ञात मृतकों को अंतिम संस्कार के माध्यम से सद्गति दी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से कोरोनाकाल तक भिलाई के शांतिघाट में 44 ऐसी अस्थियां भी पड़ी थीं, जिन्हें लेने कोई परिजन नहीं पहुंचा। समिति ने राज्यपाल से विशेष अनुमति प्राप्त कर इन अस्थियों का गंगा में विसर्जन कराया। इसके बाद से इन मृतात्माओं का भी नियमित तर्पण किया जा रहा है।

रुद्रेश्वर धाम में समिति प्रतिवर्ष सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान करती है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। हजारों लोगों के लिए शांतिभोज भी जनसहयोग से कराया जाता है। लोग अपने पूर्वजों के नाम से अनाज और आर्थिक सहयोग देते हैं। इस वर्ष हसदा मगरलोड की सत्संग सरिता मानस एवं भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी।

अशोक पवार ने बताया कि पूर्व में तीन बार अंतिम संस्कार के बाद मृतकों के परिजन पहुंचे। उन्होंने समिति के कार्य पर संतोष जताते हुए सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सिलौटी में गांधी जयंती पर श्रमदान व स्वच्छता अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ⏭अमलीडीह(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में प्राचार्य एमके ठाकुर के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी संतोष जैन के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने श्रमदान व साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम साहू थे। छात्रों ने गांधीजी की जीवनी, विचारों और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका पर विचार रखे।

गांधी जयंती पर रासेयो स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय परिसर, सरस्वती शिशु मंदिर परिसर व पशु औषधालय परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता एवं श्रम के महत्व का संदेश दिया। सभी ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा सादगी और सेवा को आत्मसात करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन के आदत में शामिल करने का संकल्प लिया।

मोखा में रामधुनी महोत्सव 8 से

कोर्रा(भखारा)। ग्राम मोखा में रामधुनी महोत्सव का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर की मुख्य अतिथि रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष होंगी। अध्यक्षता देहुति साहू स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समाज कल्याण सभापति करेंगी। विशिष्ट अतिथि दमयंती साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य होंगी। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता ओंकार साहू विधायक धमतरी करेंगे।

अंचल की खबरें

लायंस क्लब ने मेटरनिटी वार्ड में किया फल वितरित



धमतरी। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस रविवार को जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में फल वितरण किया गया। वार्ड में भर्ती मरीजों को लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा सेब, मौसंबी एवं केले का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लायन एसडी नानकानी, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ सीए मनोज सोनी, क्लब अध्यक्ष शकुंतला साहू, सचिव ज्योति लूनिया, कोषाध्यक्ष अंजुला सोनी सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सेवा एवं जनहित के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता के साथ समाज में सेवा और मानवता की भावना को और मजबूत करना है।

ब्राम्हणपारा वार्ड में मना आंगन मिलन उत्सव



धमतरी। ब्राम्हण पारा वार्ड में आगन मिलन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं मातृशक्ति के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए सेवा, सहयोग एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद कोमल सार्वा द्वारा बच्चों के लिए यूनिफार्म एवं मिठाई का वितरण किया गया। ईश्वरी पटवा द्वारा खीर, रुक्मणि नामदेव एवं नेहा नामदेव द्वारा पूड़ी-सब्जी, डोल प्रतिमा सोनी द्वारा सब्जी, गार्गी शर्मा द्वारा फल, निर्मला तिवारी द्वारा शीश कलर पेंसिल एवं स्लेट, ममता कुम्भकार द्वारा स्लेट एवं कलर चॉक का वितरण किया गया।

आंगन मिलन उत्सव में सहजन की गुणवत्ता बताई



धमतरी। आमापारा वार्ड में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ता शहर मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती नीतू त्रिवेदी एवं मुख्य अतिथि पार्षद विजय मोटवानी थे। कार्यक्रम में श्रीमती अनीता अग्रवाल, श्रीमती दीपा सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं। बच्चों के साथ न्योता भोज किया गया। बच्चों एवं महिलाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। माताओं को मातृ शिशु स्वास्थ्य, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को सहजन की उपयोगिता एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता नीतू त्रिवेदी ने बताया कि मुनगा पोषण का खजाना है। इसके नियमित उपयोग से कुपोषण दूर होता है। यह महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई गठित



धमतरी। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग की सहमति से धमतरी जिला इकाई का गठन किया गया है। लाखेश्वर राव जाधव को जिलाध्यक्ष तथा श्रीमती विभा जाधव को जिला सचिव मनोनीत किया गया है। संघ के प्रांतीय महामंत्री बसंत कुमार बंजारे ने बताया कि जिला इकाई को मजबूत करने के लिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया जाएगा। इसके लिए शिक्षक, तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संगठन से जुड़कर सहयोग करने का आग्रह किया गया है। प्रांताध्यक्ष श्री नवरंग ने जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया है कि जल्द ही ब्लॉक स्तर पर अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का गठन किया जाए। साथ ही जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार किया जाएगा। जिलाध्यक्ष लाखेश्वर ने कर्मचारियों से संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

■ लाखेश्वर राव अध्यक्ष तथा विभा जाधव सचिव मनोनीत

कंडेल महाविद्यालय में रासेयो इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

धमतरी। गांधी जयंती पर कंडेल महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांधी उद्यान एवं सरोवर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में एनएसएस के 70 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लेकर परिसर की साफ-सफाई की और श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने गांधी उद्यान एवं सरोवर परिसर से कचरा एकत्र कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया।

नवाचार से बदली भठेली स्कूल की तस्वीर शिक्षक खिलेन्द्र को मिला शिक्षादूत सम्मान



■ बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने खेल खेल में शिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय प्राथमिक शाला भठेली के शिक्षक खिलेन्द्र प्रकाश साहू को छग शासन के सत्र 2026-27 के मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया गया है। गतिविधि आधारित शिक्षण, पालकों से संवाद और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के चलते उन्हें यह सम्मान मिला है। श्री साहू ने बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने के लिए खेल-खेल में शिक्षण को अपनाया।

पालकों और समुदाय की सहभागिता से शाला में संसाधन जुटाने के साथ बच्चों की उपस्थिति और सीखने में सुधार की दिशा में काम किया। वे कक्षा शिक्षण के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम में ब्लॉक ट्रेनर के रूप में भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके अलावा हमर गांव हमर स्कूल योजना में मास्टर ट्रेनर के रूप में शैक्षणिक सहयोगियों को प्रशिक्षण देने से जुड़े हैं।

बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल

श्री साहू ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के साथ भटके हुए और नशे की ओर बढ़ रहे बच्चों की पहचान कर काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया। वर्तमान में वे प्राथमिक शाला के साथ माध्यमिक शाला भठेली में भी अध्यापन में सहयोग कर रहे हैं। शिक्षादूत सम्मान मिलने पर भखारा अंचल और कुरुद विकासखंड में हर्ष है। पालकों ने इसे क्षेत्र के लिए उपलब्धि बताया है।

रामधुनी हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा : रंजना



■ लोहरसी में आयोजित रामधुनी में शामिल हुई, शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम लोहरसी के भवनगुड़ी चौक में तीन दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू थीं। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने की। इस दौरान रंजना ने नवनिर्मित कला मंच के सामने सार्वजनिक टिन शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया।

श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें सत्य, मर्यादा, त्याग, सेवा, करुणा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजन भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। रामधुनी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराने का माध्यम भी है।

हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। मौके पर जनपद सदस्य अनीता यादव, पूर्व जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, सरपंच महेश्वरी गजेन्द्र, ओमेश यादव, चन्द्रहास साहू, प्रेमलाल साहू, घासी सिन्हा, नंदिनी निर्मलकर, विद्या साहू, सावित्री सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

हमर ठीहा (सियान गुड़ी) नगरी में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं वृद्धजनों का शाल एवं नारियल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान वृद्धजनों के अनुभव, योगदान और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए उनके सम्मान एवं गरिमा को बनाए रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विपिन रंगारी, थाना प्रभारी उमेश पाटिल, सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी गरियाबंद नंदकुमार पांडे, बीके भावना, पूर्व पार्षद सुनीता निर्मलकर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनवर रजक तथा विकासखंड स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी हितेंद्र साहू थे। अतिथियों ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन का अनुभव और संघर्ष नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का स्रोत है। वृद्धजनों का सम्मान केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित न रहकर परिवार और समाज की निरंतर जिम्मेदारी बननी चाहिए।

इस अवसर पर हमर ठीहा में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी एवं सिविल अस्पताल नगरी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में वृद्धजनों के लिए दंत, नेत्र, फिजियोथेरेपी एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। दंत जांच एवं परामर्श डॉ. दीपिका साहू, फिजियोथेरेपी संबंधी सेवाएं डॉ. शारदा साहू, नेत्र जांच राकेश साहू तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श योगेश्वर द्वारा प्रदान किया गया। देवेंद्र प्रजापति, कमलेश नगरी, बीना साहू, डिंपी साहू, नरेंद्र साहू एवं प्रदीप टंडन ने स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग किया।





खबर संक्षेप



जनसमुदाय को दी विभागीय योजनाओं की जानकारी

धमतरी। आंगनबाड़ी केंद्र तिर्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहमद अली खान अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष रहे। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सरिता निषाद ने की। कार्यक्रम के दौरान समुदाय को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को सम्मानित किया गया।

सेवा सेतु शिविर में हुआ समस्याओं का निराकरण

दुर्गूकोंदल। ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल में सेवा सेतु अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश का मौके पर निराकरण किया गया। राजस्व विभाग ने 47 आबादी पट्टे व 43 अद्यतन बी-1 प्रतियां वितरित कीं। पंचायत विभाग ने 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 33 पेंशन स्वीकृति और 5 जॉब कार्ड दिए। कृषि विभाग ने 7 किसान क्रेडिट कार्ड व 8 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। स्वास्थ्य विभाग ने 107 लोगों की जांच की। शिविर में एसडीएम अनिकेत फड़तरे, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार उर्वशा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम से बदलेगी धमतरी की जल निकासी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे विस्तार को देखते हुए नगर निगम ने जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि करीब 100 साल पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अब शहर की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता है। इसके लिए नालियों को चौड़ा और गहरा करने के साथ नए नालों का निर्माण किया जाएगा, ताकि बारिश का पानी तेजी से शहर से बाहर निकाला जा सके। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि पहले शहर की आबादी काफी कम थी, लेकिन समय के साथ आबादी में कई गुना वृद्धि हुई है।

शहर के आसपास बड़ी संख्या में नई कॉलोनियां भी विकसित हुई हैं। ऐसे में पुराने ड्रेनेज सिस्टम पर पानी का दबाव बढ़ा है। निगम अब शहर और नई विकसित कॉलोनियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक जल निकासी योजना तैयार कर रहा है। कॉलोनियों में जलभराव रोकने के लिए भी बड़ी नालियों और नालों की व्यवस्था की जाएगी।

बढ़ती आबादी के अनुरूप होगा ड्रेनेज सिस्टम : रोहरा

55 से अधिक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार

महापौर ने बताया कि शहर में 55 से अधिक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए गए हैं। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिससे बारिश के दौरान पानी को तत्काल निकासी मार्ग मिल सके। कुछ स्थानों पर बारिश के पानी को तालाबों तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे शहर में वर्षाजल का अनावश्यक जमाव रोकने के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।





बजट की कमी नहीं, जल्द लागू होगा नया सिस्टम

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राशि की कमी आड़े नहीं आएगी। निगम उपलब्ध बजट का उचित उपयोग करने के साथ राज्य शासन को प्रस्ताव भेजकर आवश्यक राशि की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु से पहले आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम को लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

12 अक्टूबर से मां अंगारमोती परिसर के पीछे जल सत्याग्रह और अनिश्चितकालीन धरना

गंगरेल बांध डूब प्रभावितों ने किया आर-पार की लड़ाई का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के भूमि आवंटन एवं अधिकारों का मामला एक बार फिर आंदोलन की राह पर है। माननीय उच्च न्यायालय छग के स्पष्ट आदेश के बावजूद लगभग छह वर्षों से लंबित मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से डूब प्रभावितों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। हरिशंकर मरकाम कार्यकारी अध्यक्ष गंगरेल बांध डूब प्रभावित जन कल्याण समिति ने कहा कि गंगरेल बांध डूब प्रभावितों की भूमि आवंटन संबंधी मांग को लेकर 5 अक्टूबर 2026 को अनुविभागीय अधिकारी धमतरी को लिखित सूचना देकर आगामी आंदोलन से अवगत कराया गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि 12 अक्टूबर सोमवार से मां अंगारमोती परिसर के पीछे गंगरेल बांध में जल सत्याग्रह एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

हाईकोर्ट के आदेश के छह साल बाद भी भूमि आवंटन लंबित



अब आश्वासन नहीं, जमीन पर कार्रवाई चाहिए

डूब प्रभावितों का कहना है कि वर्षों से अपने अधिकारों के लिए इंतजार कर रहे परिवारों के सामने अब आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उनका कहना है कि माननीय न्यायालय के आदेश का वास्तविक पालन और पात्र डूब प्रभावितों को भूमि आवंटन की ठोस प्रक्रिया ही इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य है। समिति ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए गंगरेल बांध डूब प्रभावितों की लंबित भूमि आवंटन प्रक्रिया पर तत्काल ठोस निर्णय लिया जाए।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हुआ अपेक्षित पालन

डूब प्रभावितों के भूमि आवंटन एवं अधिकारों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया था। आदेश के अनुसार पात्र डूब प्रभावितों के संबंध में आवश्यक जांच प्रारंभ कर नियमानुसार भूमि आवंटन की कार्रवाई की जानी थी लेकिन आदेश पारित होने के लगभग छह वर्ष बाद भी पात्र डूब प्रभावितों की भूमि आवंटन संबंधी प्रक्रिया प्रभावी रूप से आगे नहीं बढ़ सकी है। डूब प्रभावितों का आरोप है कि वर्षों से शासन और जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन एवं निवेदन करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

ज्योतिष के क्षेत्र में दीर्घायु ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



- ट्रांजिट ऑफ मून एंड मेडिकल एस्ट्रोलॉजी विषय पर किया शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीर्घायु रायचुरा पिता राजेश रायचुरा ने ज्योतिष विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें यह उपाधि उदयपुर स्थित श्री महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलॉजी से प्रदान की गई।

डॉ. रायचुरा का शोध विषय ट्रांजिट ऑफ मून एंड मेडिकल एस्ट्रोलॉजी (चंद्रमा का गोचर एवं चिकित्सा ज्योतिष) रहा। शोध के माध्यम से उन्होंने ज्योतिष के एक महत्वपूर्ण आयाम का अध्ययन किया है। उनका उद्देश्य इस अकादमिक उपलब्धि को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित न रखते हुए शोध एवं ज्ञान के माध्यम से जनजागरूकता और जनसेवा को बढ़ावा देना है। उनका मानना है कि भारतीय ज्योतिषीय परंपराओं के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन लोगों को अपनी परंपराओं और ज्ञान-विरासत से जोड़ सकता है।

हालांकि, स्वास्थ्य संबंधी मामलों में चिकित्सकीय परामर्श, जांच और आधुनिक चिकित्सा को सर्वोपरि मानते हुए वे ज्योतिष को चिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पारंपरिक अध्ययन के विषय के रूप में देखते हैं। उनका कार्यक्षेत्र केवल मेडिकल एस्ट्रोलॉजी तक सीमित नहीं रहेगा। वे सामान्य ज्योतिष, ग्रहों के गोचर, ज्योतिषीय अध्ययन तथा भारतीय पारंपरिक ज्ञान के व्यवस्थित एवं शोधपरक अध्ययन को भी आगे बढ़ाना चाहते हैं। उनका प्रयास है कि युवा भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं और वैदिक ज्ञान की विरासत को समझें तथा अध्ययन एवं सकारात्मक सामाजिक सहभागिता के माध्यम से इसे आगे बढ़ाएं। उनकी सफलता पर परिवार, शुभचिंतकों एवं परिचितों ने हर्ष व्यक्त किया है।

सत्संग की सीख को जीवन में उतारने का संतों ने दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम सरबदा में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 4 अक्टूबर तक कबीर सत्संग समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संत समेन्द्र साहेब, साध्वी सुमन साहेब एवं संत कोमल साहेब श्रद्धालुओं को भक्ति, सदाचार, मानवता और आध्यात्मिक जीवन का महत्व बताया। प्रथम दिवस संतों ने कहा कि सत्संग का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब उसकी सीख को व्यवहार और जीवन में उतारा जाए। केवल सत्संग सुनने से नहीं, बल्कि अच्छे विचारों पर अमल करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है।

संतों ने सोलह श्रृंगार का उदाहरण देते हुए कहा कि नाक के बिना पूरा श्रृंगार अधूरा लगता है। इसी तरह सत्संग और सद्विचारों के अभाव में मनुष्य का जीवन भी अधूरा है। आयोजन से गांव में भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भाईचारा, सद्भाव, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को मजबूत करना है।

आंगनबाड़ी केंद्र सलोनी में बच्चों को खिलौने वितरित किए



कुकरेल(धमतरी)। ग्राम सलोनी के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान अन्नप्राशन, गोदभराई एवं विभिन्न खेल स्पर्धा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रकला साहू ने पोषक तत्व एवं संतुलित आहार की जानकारी दी। मुख्य वक्ता जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव तथा सरपंच रोमी ध्रुव ने बच्चों को खिलौना वितरित किया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रितु साहू, वार्ड पंच लक्ष्मी नागेश, एएनएम श्रीमती लक्ष्मी सोनकर, प्रकाश साहू, सीमा धृतलहरे, संतोषी ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ईश्वरी ध्रुव, दुर्गा साहू, मोहिनी कंवर, आंगनबाड़ी सहायिका बसंती यादव, सुषमा यादव, उत्तरा ध्रुव एवं भोज साहू, गीतेश्वरी ध्रुव तामेश्वरी साहू, केसर, धनेश्वरी ध्रुव, तुलसी मंडावी, संतोष ध्रुव, सीमा निषाद, सुनंदा, मितानिन दसोदा ध्रुव, रेवती साहू तथा तुलसी मंडावी, सुमन, एमटी चित्ररेखा साहू, ज्ञानिक राम, सियाराम साहू उपस्थित थे।

कोष्टापारा वार्ड में हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोष्टापारा वार्ड के नंदी चौक में स्थित सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण गौतम, अति विशिष्ट अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी साधना, बीथिका विश्वास, विभा चंद्राकर, श्रीमती संगीता जगताप थे। इस दौरान शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्रियंका यादव, उमा यादव, सीमा सिन्हा, चंद्रिका पटेल, अनीता साहू, दामिनी साहू, रेखा निर्मलकर, अलका पदमवार, ममता साहू, उषा किरण चंद्राकर, प्राची शर्मा, अर्चना साहू, संतोष चंदेल, दुलश कश्यप, शिवनारायण छाटा, नील पटेल, गिरवर साहू, चंद्रकला पटेल, रुक्मणि सोनकर, ज्योति यादव, उषा निर्मलकर मौजूद थे। यह आयोजन वार्ड पार्षद संतोष सोनकर के नेतृत्व में हुआ।

मुड़पार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम मुड़पार में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा एवं मातृ स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शासन की योजनाओं को गांव-गांव और परिवार-परिवार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हर घर मुनगा अभियान के तहत घर-घर मुनगा लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मुनगा पोषक तत्वों से भरपूर रहता है। इसका भोजन में नियमित उपयोग करने का आह्वान किया।

इस दौरान स्वस्थ बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मान किया गया। मौके पर निर्भय यादव, गोकुल ध्रुव, सुखराम यादव, मीना यादव, नरेंद्र, भगत, अशोक, नरोत्तम, अमितेश, मुनिया, रानू, अनूपा, धनेश्वरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा यादव, बबीता यादव, विशाखा, झामती सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

रामधुनी जनमानस को धर्म से जोड़ती है : कविता



धमतरी। ग्राम परसतराई में न्यू आदर्श बाल समाज लीला मंडली के तत्वावधान में रामधुनी गायन व नृत्य झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर की अतिथि जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा कि प्रभु श्री रामचंद्र का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया एवं मर्यादापूर्वक जीवन जीते हुए ही मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया। सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए। अच्छाई को धारण कर बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। आगे कहा कि प्रभु श्रीराम का छग से विशेष नाता रहा है। यहां उनका ननिहाल है। तत्कालीन भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने राम वन पथ गमन तथा माता कौशल्या का मंदिर का निर्माण करवाया। मौके पर सरपंच गंगा मरकम, पूर्व सरपंच परमानंद अडिल, भूषण सोनबेर, रामकृष्ण सोनबेर, पंथराम सिन्हा, कांति बाई साहू, मीना बाई साहू, निर्मला बाई धनकर, कुंवर सिंह साहू, तानसेन सार्वा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

हंचलपुर में सामुदायिक शौचालय का भूमिपूजन



कुरुद। ग्राम पंचायत हंचलपुर स्थित विकास महिला क्लस्टर भवन में सोमवार को सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू की अनुशंसा से स्वीकृत हुआ है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश जैन, सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच सहित पंचगण एवं विकास महिला क्लस्टर के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि महिलाओं की सुविधा, सम्मान और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। विकास कार्यों के माध्यम से गांवों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान सावित्री सिंह, योगेश्वरी साहू, थनेश्वरी साहू, गौरी साहू सहित विकास महिला क्लस्टर के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बोरझरा आंगनबाड़ी में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

अंवरी। बोरझरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सही पोषण, देश रोशन थीम के तहत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनसुईया रात्रे, गोदावरी साहू, जनपद सदस्य रेखा साहू, निर्मला रात्रे, हवेश्वरी साहू सरपंच, अनीता गजपाल कोषाध्यक्ष साहू समाज महिला प्रकोष्ठ धमतरी, रोशन रात्रे, रामेश्वरी साहू, सरस्वती सिन्हा, शांता साहू उपस्थित रही। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।









